# गुरु तेग बहादुर के नाम बनेगा ग्लोबल यूनिवर्सिटी कैंपस

**350वें शहीदी दिवस के मौके पर सीएम ने किया ऐलान**

**नई दिल्ली/पंजाब, 25 नवंबर. आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार द्वारा श्री आनंदपुर साहिब में श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी शताब्दी समारोह का भव्य समापन हो गया. सीएम ने कहा गुरु तेग बहादुर के नाम पर ग्लोबल यूनिवर्सिटी कैंपस बनाया जाएगा.**

'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान, कैबिनेट मंत्री समेत बढ़ी तादात में संगतों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई. इस दौरान संगत को संबोधित करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ''आप'' की सरकार गुरुजी महाराज के दिखाए रास्ते पर चलकर पंजाब की जनता की सेवा कर रही है. मोहल्ला क्लीनिकों में लोगों का मुफ्त इलाज हो रहा है. बच्चों को अच्छी शिक्षा और परिवारों को मुफ्त बिजली मिल रही है. किसानों को अब दिन में 8 घंटे बिजली और युवाओं को बिना रिश्वत दिए मेरिट के आधार पर नौकरी मिल रही है. सत्ता सिर्फ सेवा का साधन है और हम सत्ता में सेवा करने के लिए आए हैं. केजरीवाल ने कहा पवित्र नगरी आनंदपुर साहिब आने पर इसके कण-कण और हवा में अलौकिक शक्ति का अनुभव होता है.



**गुरु महाराज की कृपा हम सब पर रहे—केजरीवाल**

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमारे गुरुओं ने पूरे भारत वर्ष में घूम-घूम कर इंसानियत, सच्चाई, मानवता और नि:स्वार्थ सेवा का संदेश दिया. हमारे गुरुओं ने कहा कि नाम जपो, कीरत करो और वंड चखो. उन्हीं के बताए रास्ते पर आम आदमी पार्टी पंजाब में पूरी ईमानदारी से सरकार चलाने की कोशिश कर रही है. आज लोग पूछते हैं कि सरकार के पास इतना काम करने के लिए पैसा कहां से आया, इस आयोजन का इतना शानदार इंतजाम कैसे किया. हम गुरु जी महाराज के बताए रास्ते पर चलते हुए बड़ी ईमानदारी से सरकार चला रहे हैं. चुनाव के दौरान मैंने पंजाब की जनता से वादा किया था कि आम आदमी पार्टी पूरी ईमानदारी से सरकार चलाएगी और सरकारी खजाने का एक-एक पैसा जनता के उपर खर्च करेगी. इस पवित्र स्थान से कहना चाहता हूं कि अगर ''आप'' सरकार ने एक पैसे की भी बेइमानी की हो तो गुरु महाराज हमें जो भी सजा देंगे, हमें मंजूर है. ''आप'' सरकार ने एक पैसे की बेइमानी नहीं की है और सरकारी खजाने का पैसा जनता पर खर्च कर रही है. अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज पंजाब में गरीबों के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल रही है, बीमार लोगों को अच्छा इलाज मिल रहा है. आनंदपुर साहिब में ही करीब 20 मोहल्ला क्लीनिक चल रहे हैं.

# विपत्ति में अडिग रहने वाला ही सच्चा ज्ञानी होता है : मोदी

**कुरुक्षेत्र, हरियाणा, 25 नवंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुरुक्षेत्र की पवित्र धरती पर उस क्षण को याद किया, जिसने न केवल भारतीय इतिहास की दिशा बदली, बल्कि करोड़ों रामभक्तों के मन में नई ऊर्जा भी भरी.**



श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें बलिदान दिवस पर आयोजित विशेष समारोह में प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में बताया कि 9 नवंबर 2019 का वह दिन उनके लिए कितना आध्यात्मिक था. जब वे डेरा बाबा नानक में करतारपुर कॉरिडोर का उद्घाटन कर रहे थे, तब उन्होंने प्रभु श्रीराम से प्रार्थना की थी कि राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो. संयोग ऐसा बना कि उसी दिन सर्वोच्च न्यायालय ने राम मंदिर के पक्ष में ऐतिहासिक फैसला सुना दिया. कुरुक्षेत्र की दिव्य भूमि पर खड़े होकर मोदी ने गुरु तेग बहादुर जी के अद्वितीय साहस, सत्य के प्रति उनके समर्पण और मानवता की रक्षा के उनके बलिदान को नमन किया. उन्होंने कहा कि गुरु साहिब की शिक्षा आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, क्योंकि विपत्ति में अडिग रहने वाला ही सच्चा ज्ञानी होता है.

# बंगलादेश में रूढ़िवादी ताकतें ज्यादा सक्रिय

**नई दिल्ली, 25 नवंबर. भारतीय वायु सेना के पूर्व प्रमुख एयर चीफ मार्शल अरूप राहा ने कहा है कि बंगलादेश में शेख हसीना सरकार के अपदस्थ होने के बाद रूढ़िवादी ताकतें ज्यादा सक्रिय हुई हैं.**

इस बदलाव के लंबे समय तक बने रहने की संभावना नहीं है क्योंकि बंगलादेश का सामाजिक ताना-बाना स्वाभाविक रूप से उदार और शांतिप्रिय है. पूर्व एयर चीफ मार्शल ने यूनीवार्ता को दिए गए एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि मौजूदा वैचारिक मंथन को सावधानी के साथ ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य से भी देखा जाना चाहिए. उन्होंने दृढ़ता से कहा, बांग्लादेश के लोग स्वभाव से धर्मनिरपेक्ष और शांतिप्रिय हैं. इसलिए रूढ़िवादिता की ओर यह रुझान अल्पकालिक होगा. जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) और अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी) जैसे आतंकवादी समूहों का उदय और 1971 के बंगलादेश मुक्ति संग्राम में पाकिस्तान का समर्थन करने वाले जमात-ए-इस्लामी की राजनीतिक वापसी ऐसे कुछ मुद्दे रहे हैं. पूर्व वायुसेना प्रमुख ने कहा कि पाकिस्तान के बंगलादेश के साथ खुफिया और सैन्य सहयोग बढ़ाने के नए सिरे से किए जा रहे प्रयासों पर करीब से नजर रखने की जरूरत है. उन्होंने कहा, पाकिस्तान अभी भी 1971 का बदला लेना चाहता है और इसके लिए हर संभव प्रयास कर रहा है. एयर चीफ मार्शल ने कहा कि इसके बावजूद बांग्लादेश की जनता अभी भी पाकिस्तानी सेना द्वारा 1971 में किए गए नरसंहार को भूली नहीं है.

> पाकिस्तान और बंगलादेश की गठजोड़ बनाने की कोशिश को बंगलादेश की जनता से ही समर्थन नहीं मिलेगा. पूर्व वायुसेना प्रमुख ने कहा भारत और बांग्लादेश के बीच व्यापार, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और यहां तक कि वैवाहिक सहित सीमा-पार गहरे संबंध हैं और ये राजनीतिक घटनाक्रमों के बावजूद जारी रहेंगे. उन्होंने भारत के लिए सतर्कता बनाए रखने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा, हमें खुफिया जानकारी जुटाने व पाक की आईएसआई द्वारा समर्थित विशिष्ट आतंकवादी समूहों को लक्षित करने के मामले में सक्रिय रहना होगा.

## ईडी ने नीरज भाटिया की संपत्ति की कुर्की की

**शिमला, 25 नवंबर.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मेसर्स विदित हेल्थकेयर के प्रबंध साझेदार और सिरमौर ड्रग मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष नीरज भाटिया की लगभग एक करोड़ रुपये की अचल संपत्ति कुर्क की है. जम्मू उप-क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम के तहत की गई यह कार्रवाई कोडीन युक्त कफ सिरप को गैरकानूनी रूप से नशीले पदार्थों की सप्लाई चेन में भेजने के खिलाफ आरोपों के बाद हुई है. नीरज भाटिया और सह-आरोपी निकेत कंसल पर बड़ी मात्रा में कोरेक्स, कोडीन युक्त फॉर्मूलेशन को वैध दवा वितरण चेन के बाहर काम करने वाली इकाइयों तक पहुंचाने का आरोप है.

# बेटियों के प्रति मानसिकता को बदलने की जरूरत

**मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया अभियान का शुभारंभ**

**नई दिल्ली, 25 नवंबर. केंद्रीय ग्रामीण विकास तथा कृषि और किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने आज नई चेतना ङ्क पहल बदलाव की अभियान के चौथे संस्करण का शुभारंभ किया.**



यह राष्ट्रीय अभियान लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किया गया है. इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कमलेश पासवान और डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी तथा केंद्रीय ग्रामीण विकास सचिव श्री शैलेश कुमार सिंह भी उपस्थित थे. प्रवासी भारतीय केंद्र, सुषमा स्वराज भवन, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए अनेक ठोस पहल कर रही है. उन्होंने बताया कि यह अभियान ग्रामीण भारत में महिलाओं की सुरक्षा, गरिमा और आर्थिक भागीदारी को मजबूत करने की दिशा में एक जनआंदोलन का रूप ले चुका है.

> केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश में कोई बहन गरीब नहीं रहेगी, हमारी कोशिश हैं कि किसी महिला की आंखों में आंसू नहीं निकले. कोई हाथ नहीं फैलाए. हर एक बहन के चेहरे पर मुस्कुराहट आना चाहिए, हर बहन लखपति दीदी बन जाए इसके लिए हम काम कर रहे हैं और ये होगा. दुनिया की कोई ताकत बहनों को बढ़ने से रोक नहीं सकती. उसके लिए मेरी दीदियाँ निरंतर काम कर रही हैं. केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि बेटियों को गलत नजर से देखने वालों की सोच बदलना है और जरूरत पड़ने पर ऐसे तत्वों को कुचलना भी होगा.

## सरकारी-प्राइवेट दोनों के 50 प्रतिशत कर्मचारी करेंगे घर से काम

**नयी दिल्ली, 24 नवंबर.** दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के मद्देनर सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। अब दिल्ली सरकार के सभी सरकारी एवं निजी प्रतिष्ठानों में 50 प्रतिशत कर्मचारी घर से काम करेंगे. वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्देशों के अंतर्गत यह निर्णय लिया गया है। यह निर्देश पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा पांच के अंतर्गत राष्ट्रीय राजधानी में संचालित सभी दिल्ली सरकार के कार्यालयों एवं निजी प्रतिष्ठानों के लिए जारी किया. उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण की स्थिति गंभीर बनी हुई है सोमवार शाम दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 382 अंक दर्ज

## एक नजर में



### गैस सिलेंडर विस्फोट में पांच लोग झुलसे

**जगदलपुर,25 नवंबर.** छत्तीसगढ के बड़ांजी थाना क्षेत्र के कोंडालूर गांव में सोमवार देर रात गैस सिलेंडर फटने से एक भीषण हादसा हो गया, जिसमें एक ही परिवार के पांच सदस्य गंभीर रूप से झुलस गये हैं. पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि यह घटना कल रात करीब 11 बजे के आसपास हुई, जब परिवार खाना बनाने की तैयारी कर रहा था. इसी दौरान रसोई में रखा घरेलू गैस सिलेंडर से गैस रिसने लगी और कुछ ही पलों में जोरदार धमाके के साथ सिलेंडर फट गया. विस्फोट के बाद घर में आग फैल गई और परिवार के सदस्य एक-दूसरे को बचाने की कोशिश में स्वयं आग की लपटों की चपेट में आ गए.

### रूस के साथ ऊर्जा साझेदारी करेगा चीन

**बीजिंग, 25 नवंबर.** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा है कि उनका देश रूस के के साथ व्यापक ऊर्जा साझेदारी को मजबूत करने के लिए तैयार है. चीनी राष्ट्रपति ने राजधानी बीजिंग में चल रहे सातवें चीन-रूस ऊर्जा व्यापार फोरम के प्रतिभागियों को टेलीग्राम के माध्यम से यह संदेश भेजा. चाइना सेंट्रल टेलीविजन (सीसीटीवी) ने टेलीग्राम संदेश के हवाले से बताया कि चीन रूस के साथ मिलकर व्यापक ऊर्जा साझेदारी को और मजबूत करने तथा संयुक्त रूप से वैश्विक ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाने के लिए काम करने को तैयार है. साथ ही, आपूर्ति श्रृंखला की स्थिरता तथा सुचारू संचालन बनाए रखने के लिए भी काम करने के लिए सहमत है. जिनपिंग ने जोर दिया कि चीन-रूस ऊर्जा सहयोग की नींव ठोस है और यह आपसी लाभकारी सहयोग पर आधारित है. इसने दोनों देशों के आर्थिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देने तथा उनके लोगों के कल्याण में सुधार लाने में सकारात्मक भूमिका निभाई है.

### सुको में निकाय चुनाव मामले की सुनवाई टली

**नयी दिल्ली, 25 नवंबर.** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को महाराष्ट्र स्थानीय निकाय चुनावों से संबंधित मामले की सुनवाई को शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दिया. राज्य सरकार ने आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा से जुड़े मुद्दों पर राज्य चुनाव आयोग के साथ परामर्श जारी रहने का हवाला देते हुए समय मांगा था. मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ को आयोग ने बताया कि 242 नगर परिषदों और 42 नगर पंचायतों के चुनाव के लिए दो दिसंबर की तारीख पहले ही अधिसूचित की जा चुकी है. उन्होंने बताया कि इन 288 स्थानीय निकायों में से 57 में आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा पार हो गई है.

# रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बोले- भारत की समुद्री शक्ति नई ऊंचाई पर

**नई दिल्ली, 25 नवबंर. नई दिल्ली में आयोजित भारतीय नौसेना के सेमिनार 'स्वावलंबन 2025' में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत के समुद्री भविष्य की नई रूपरेखा प्रस्तुत की.**



उन्होंने कहा कि देश का शिपबिल्डिंग सेक्टर अब निर्णायक बदलाव के दौर से गुजर रहा है, जिसे जैसे सुधारों ने नई दिशा दी है. बढ़ती स्वदेशी सामग्री, उन्नत डिजाइन क्षमता, अत्याधुनिक रक्षा प्लेटफॉर्म और मजबूत सप्लाई चेन ने भारत को एक भरोसेमंद समुद्री शक्ति के रूप में स्थापित करना शुरू कर दिया है. रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि भारत के शिपयार्ड अब ब्लू इकोनॉमी की रीढ़ बनते जा रहे हैं. पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों के बढ़ते उपयोग से देश न केवल टिकाऊ समुद्री विकास की ओर बढ़ रहा है बल्कि वैश्विक शिपबिल्डिंग परिदृश्य में भी अपनी पहचान मजबूत कर रहा है. आज भारत के पास न सिर्फ निर्माण क्षमता है, बल्कि रिपेयर और ऑटोमेशन के क्षेत्र में भी वह उभरते नेतृत्व की ओर अग्रसर है. नौसेना के स्वदेशीकरण प्रयासों और समुद्री आत्मनिर्भरता की योजनाओं को विशेष रूप से सराहा गया.

## राष्ट्रीय संविधान दिवस समारोह आज होगा

**नई दिल्ली, 25 नवंबर.** राष्ट्रीय द्रौपदी मुर्मु की अध्यक्षता में बुधवार को यहां संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में राष्ट्रीय संविधान दिवस समारोह होगा जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा अन्य मंत्री शामिल होंगे. संसदीय कार्य मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि संविधान दिवस 2025 के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय समारोह बुधवार को पूर्वाह्न 11ः00 बजे संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित किया जाएगा. यह अवसर भारत द्वारा संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक परंपराओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुन: पुष्टि का प्रतीक है. उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय इस समारोह की अध्यक्षता करेंगी.

# नीतीश सरकार देगी युवाओं को रोजगार

**बिहार में शुरू होगी नई रोजगार क्रांति**

**पटना, 25 नवंबर. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने अगले पांच वर्षों (2025-30) में एक करोड़ युवाओं को नौकरी एवं रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया है.**

श्री कुमार ने एक्स पर लिखा, राज्य में अधिक से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार मिले, यह शुरू से ही राजग सरकार की की प्राथमिकता रही है. उन्होंने कहा कि सात निश्चय-2 के तहत वर्ष 2020-25 के बीच राज्य में 50 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी एवं रोजगार दिया गया है. उन्होंने बताया कि अगले पांच वर्षों (2025-30) में राजग सरकार ने एक करोड़ युवाओं को नौकरी एवं रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया है. श्री कुमार ने बताया कि नई सरकार के गठन के बाद राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने एवं अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध करने के लिए तेजी से काम शुरू कर दिया गया है. बदलते बिहार के विकास की गति को बल देने के लिये बिहार में प्रौद्योगिकी और सेवा आधारित नवाचारों की न्यू ऐज इकोनॉमी के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है.

> इस क्षेत्र की बिहार से संबंध रखनेवाले अग्रणी उद्यमियों के सुझाव प्राप्त कर योजनाओं एवं नीतियों का निर्धारण किया जाएगा. साथ ही बिहार को एक 'वैश्विक-बैक इंड हब' एवं 'ग्लोबल वर्क प्लेस' के रूप में विकसित एवं स्थापित करने के लिये महत्वपूर्ण विभागों तथा प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों एवं विशेषज्ञों के सहयोग से एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी. मुख्यमंत्री श्री कुमार ने कहा कि बिहार की जनसंख्या में युवाओं की भागीदारी काफी अधिक है. इसको सार्थक दिशा देने पर बिहार देश का सबसे तेजी से विकास करने वाला राज्य बन सकता है. उन्होंने कहा कि बिहार के बड़ी संख्या में उपलब्ध युवा मानव संसाधन को ध्यान में रखते हुए बिहार को पूर्वी भारत के नए टेक्नोलॉजी हब के रूप में विकसित किया जाएगा.



## आज का इतिहास

1717 स्पेनिश सैनिकों ने सर्दीनिया पर उतारा गया।
1762 एन. फ्रेंकलिन अमेरिकी अखबार न्यूपोर्ट आर आई, मर्करी की पहली महिला संपादक बनी।
1775 किंग जॉर्ज ने खुले विद्रोह में शामिल होने के लिए कॉलोनियों की घोषणा की।
1791 हाईटियन क्रांति की शुरुआत करते हुए, सेंट-डोमिंग्यू के फ्रांसीसी उपनिवेश में एक गुलाम विद्रोह हुआ।
1795 राष्ट्रीय संविधान द्वारा संविधान की पुष्टि की गई।
1798 आयरिश विद्रोह की सहायता के लिए फ्रांसीसी सैनिकों काउंटी मायो में किल्कमुमिन में स्थित किया गया।

# आग उगलता नया एलियन ग्रह मिला

▶ धरती से 14 गुना भारी, 34 दिनों में सूर्य ने वैज्ञानिकों को चौंकाया

**नई दिल्ली, 25 नवबंर. ब्रह्मांड अपने भीतर ऐसी अनगिनत दुनिया छिपाए बैठा है, जो हमारी कल्पना से परे हैं. इसी रहस्यमयी दुनिया से वैज्ञानिकों ने एक नई रोमांचक खोज की है.**




यूरोपीय खगोलविदों ने पृथ्वी से करीब 500 प्रकाश वर्ष दूर एक अनोखा एक्सोप्लैनेट खोजा है, जिसे ञ्जह्रढ्ढ-1422 ड्ढ नाम दिया गया है. यह ग्रह अपने अजीब गुणों की वजह से वैज्ञानिकों को हैरान कर रहा है. आकार में यह पृथ्वी से केवल तीन गुना बड़ा है, लेकिन द्रव्यमान धरती से 14 गुना ज्यादा है, यानी बेहद घना और विशाल. इतना ही नहीं, यह मात्र 34.5 दिनों में अपने तारे का चक्कर पूरा कर लेता है—यानी इस ग्रह पर एक 'साल' सिर्फ 34 दिन का है. जिस तारे के चारों ओर यह घूम रहा है, वह हमारे सूरज जैसा है, लेकिन उसके आसपास ग्रहों की व्यवस्था बेहद विचित्र है. वैज्ञानिकों का मानना है कि इस सिस्टम में एक और 'अदृश्य' ग्रह भी छिपा हो सकता है, जो इसकी कक्षाओं को प्रभावित कर रहा है. अंतरिक्ष वैज्ञानिक लगातार नई-नई दुनियाओं की खोज में जुटे हैं.

> हाल ही में हुई एक खोज ने खगोल विज्ञान समुदाय में उत्सुकता बढ़ा दी है. वैज्ञानिकों ने टीओआई-1422 नामक तारामंडल में एक नया ग्रह खोजा है, जो पृथ्वी से लगभग 500 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है. यह एक्सोप्लैनेट आकार में पृथ्वी से तीन गुना बड़ा तो है ही, लेकिन इसका द्रव्यमान पृथ्वी से 14 गुना अधिक पाया गया है. इसकी घनत्व और संरचना इसे एक सुपर-डेंस दुनिया बनाती है, जहां तापमान इतना अधिक हो सकता है कि लोहे को भी आसानी से पिघला दे. इस ग्रह की एक और खास बात है यह अपने तारे का चक्कर सिर्फ 34.5 दिनों में पूरा कर लेता है.

# राहुल-प्रियंका ने गुरु तेग बहादुर की शहीदी दिवस पर उन्हें किया नमन






**नई दिल्ली 25 नवंबर. कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कांग्रेस महाचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को गुरु तेग बहादुर साहिब की 350वें शहीदी पर्व पर उन्हें नमन करते हुये कहा कि उनका बलिदान सभी के लिए हमेशा प्रेरणादायक रहेगा.**

श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, सिख धर्म के नौंवें गुरु, हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहीदी दिवस पर उन्हें सादर नमन. उनके आदर्श, मूल्य, त्याग और बलिदान मानवता के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे. कांग्रेस महासचिव वाड्रा ने कहा कि नौवें गुरु तेग बहादुर जी ने विश्व को शांति और मानवता का रास्ता दिखाया. श्रीमती वाड्रा ने सोशल मीडिया पर लिखा, सिख धर्म के नौवें गुरु श्री तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस पर उन्हें सादर नमन.

**आयोजन** ▶ **मोहन भागवत ने कहा- लंबे समय से इसकी प्रतीक्षा थी, 500 सालों का सपना साकार हुआ है**

# परम वैभव सम्पन्न, सबके लिए खुशी और शांति बांटने वाला भारतवर्ष खड़ा करना है



**अयोध्या, 25 नवंबर. राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा है कि परम वैभव सम्पन्न, सबके लिए खुशी और शांति बांटने वाला तथा विकास का सुफल देने वाला भारतवर्ष हमें खड़ा करना है.**

यही विश्व की अपेक्षा और हमारा कर्तव्य भी है. श्रीरामलला विराजमान हैं, उनसे प्रेरणा लेकर कार्य की गति हम आगे बढ़ाएं. डॉ भागवत आज यहां श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में बोल रहे थे1 उन्होंने कहा कि आज हम सबके लिए सार्थकता का दिवस है. उन्होंने कहा कि कितने ही लोगों ने जो सपना देखा, कितने ही लोगों ने जो प्रयास किए, अपने प्राण अर्पित किए, आज उनकी स्वर्गस्थ आत्मा तृप्त हुई होगी. आज वास्तव में अशोक सिंघल जी को शांति मिली होगी. उन्होंने कहा कि महंत रामचंद्र दास जी महाराज, डालमिया जी समेत कितने ही संत, गृहस्थ एवं विद्यार्थियों ने प्राणार्पण किया, पसीना बहाया. जो पीछे रहे, वे भी यही इच्छा व्यक्त करते थे कि मंदिर बनेगा जो अब बन गया है.

### ध्वजारोहण यज्ञ की पूर्णाहूति नए युग का शुभारंभ



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां मंगलवार को राम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण समारोह के दौरान कहा कि ध्वजारोहण यज्ञ की पूर्णाहूति नहीं, बल्कि नए युग का शुभारंभ है. प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर 140 करोड़ भारतीयों की आस्था, सम्मान एवं आत्मगौरव का प्रतीक है. श्री योगी ने अपनी बातों का आगाज सियावर रामचंद्र भगवान, माता जानकी, सरयू मैया की जय, भारत माता की जय और हर हर महादेव के उद्घोष के साथ किया. मुख्यमंत्री के साथ ही समूचा मंदिर परिसर जय-जयकार से गूंज उठा. मुख्यमंत्री ने भव्य मंदिर के निर्माण में योगदान देने वाले कर्मयोगियों का भी अभिनंदन किया. उन्होंने कहा कि आज का पावन दिन उन पूज्य संतों, योद्धाओं, श्रीरामभक्तों की अखंड साधना-संघर्ष को समर्पित है, जिन्होंने आंदोलन व संघर्ष के लिए जीवन को समर्पित किया. विवाह पंचमी का दिव्य संयोग इस उत्सव को और भी पावन बना रहा है.